भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. **+3605**

सोमवार, **15** जुलाई, **2019 / 24** आषाढ़, **1941** (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

नई पर्यटन नीति

+3605. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु एक नई पर्यटन नीति तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में पर्यटन नीति को बढ़ावा देने के लिए राज्य-वार आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): हितधारकों, राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, पर्यटन के क्षेत्र में प्रख्यात व्यक्तियों और आम लोगों से प्राप्त सुझावों को शामिल करते हुए एक नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति का प्रारूप तैयार किया गया है ।

नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति प्रारूप की कुछ प्रमुख विशेषताओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

- पर्यटन विकास में रोजगार सृजन और सामुदायिक भागीदारी पर नीति का फोकस करना ।
- एक सतत और उत्तरदायी तरीके से पर्यटन के विकास पर जोर देना ।
- विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और हितधारकों के साथ लिंकेज को शामिल करते हुए एक व्यापक नीति तैयार करना ।
- यह नीति भारत को वैश्विक यात्रियों के लिए एक 'अवश्य अनुभव कीजिए' और 'परिवर्तनकारी' गंतव्य के रूप में विकसित और स्थापित करने का दृष्टिकोण स्थापित करती है जबकि अपने देश के बारे में जानने के लिए भारतीयों को प्रोत्साहित करती है।

- देश की समृद्ध संस्कृति और विरासत के साथ-साथ चिकित्सा और निरोगता, बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन तथा प्रदर्शनियां (माइस), एडवेंचर, वन्यजीव आदि जैसे निश उत्पादों सहित विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन।
- मूलभूत अवसंरचना (हवाई मार्ग, रेल मार्ग, सड़क मार्ग, जलमार्ग आदि) के साथ-साथ पर्यटन अवसंरचना का विकास।
- आजीविका से व्यावसायिक कौशल विकास तक और अवसरों के सृजन के परिवेश में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में गुणवत्ता-पूर्ण मानव संसाधनों का विकास करना।
- पर्यटन और पर्यटन संबंधी अवसंरचना में निवेश के लिए अनुकूल परिवेश का सृजन।
- पर्यटन में प्रौद्योगिकी समर्थित विकास पर जोर देना।
- पर्यटन वृद्धि के प्रमुख साधन के रूप में घरेलू पर्यटन पर फोकस।
- वैश्विक पर्यटक आवागमन में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले स्थापित स्रोत बाजारों और संभावित बाजारों में लक्षित और देश विशिष्ट अभियानों के साथ संवर्धन पर फोकस।
- बहु क्षेत्रीय गतिविधि के आधार के रूप में पर्यटन पर जोर देना और भारत सरकार की महत्वपूर्ण/फ्लैगशिप योजनाओं के साथ मंत्रालय की गतिविधियों में सामंजस्य बनाना।

(ग) और (घ): प्रश्न नहीं उठता ।

****